## एक नजर में

### वार्षिकोत्सव उमंग का समापन, विजेता पुरस्कृत



इंदौर . पटेल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में चार दिवसीय वार्षिकोत्सव उमंग के समापन समारोह में इंदौरी गोविंदा श्याम पांडेय, गायक चिंतन बाकलीवाल, जूनियर नसीरुद्दीन शाह, इंदौरी सुनील सेठी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए . पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इसान पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रो . पुष्पराज मिश्रा, डॉ जय तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया . उमंग में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया इसी इस अवसर पर मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति एवं पटेल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की चेयरपर्सन प्रीति पटेल एवं प्रो चांसलर डॉ अजीतसिंह पटेल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इशा पटेल ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी . उपरोक्त उमंग समारोह में संस्थान की सभी फैकल्टी, स्टाफ ने महाविद्यालय के असंख्य छात्र छात्राओं के उमंग कार्यक्रम में अपना अपना सहयोग दिया . जिसमें उमंग कोऑर्डिनेटर प्रिती दुबे, डॉ मयुर सिंगी, सुरेंद्र पटेल, मुकेश भाड़े एवं अन्य अधिकारियों ने प्रदान किया . उपरोक्त जानकारी राजेश जैन ने दी .

### रोलर स्केटिंग एवं कराते प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



इंदौर . बिजलपुर स्थित हकीमी विहार में दाऊदी बोहरा समाज ऊमूर सेहत के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन कराते एवं रोलर स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ . समारोह के मुख्य अतिथि प्रायोजक मुस्तफा ज़ैनिथ व बिजलपुर रहवासी महासंघ के अध्यक्ष इकबाल चप्पु थे . विशेष अतिथि समाजसेवी असगर फिदवी एवं बुरहानुद्दीन शकरुवाला थे . यह जानकारी देते हुए शिविर आयोजक नज़र हुसैन सैफी ने बताया कि इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे आबिद लेमन वाला ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं की रोलर स्केटिंग रोड रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया . इस रोलर स्केटिंग रोड रैली में 120 स्केटर्स लड़के लड़कियों ने भाग लिया . प्रशिक्षक रुकैय्या सैफी ( ब्लेक बेल्ट ) ने बताया कि इस अवसर पर कराते का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ीयों ने फाइट एवं काता व नान चाकू का शानदार प्रदर्शन किया . ट्रेनर सकिना लेमनवाला ने बताया कि विशेषकर लड़कीयों ने स्वयं की रक्षा के लिए जुड़ो कराते का प्रशिक्षण लेकर इसका उत्कृष्ट प्रदर्शन किया . प्रशिक्षण शिविर में 10 जून तक रोलर स्केटिंग और कराते का प्रशिक्षण दिया जाएगा . समारोह में कराते में ब्लेक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ियों मोहम्मद रेशम वाला, ज़ाहरा हुसैन, हुसैना पिठावाला, बतुल विद्यार्थी, हुसैना को अतिथियों ने सम्मानित किया . संचालन मोहम्मद रेशम वाला ने किया . आभार शब्बीर कांचवाला ने माना .

### बोहरा अध्यक्ष, डोसी सचिव चुने गए



इंदौर . शहर के प्रमुख व्यवसायिक केंद्र सिटी सेंटर वेलफेयर सोसायटी के त्रैवार्षिक निर्वाचन चुनाव अधिकारी मप्र उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कुलदीप पाठक के मार्गदर्शन में विधिवत सम्पन्न हुए . उनके द्वारा घोषित नतीजों के अनुसार नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सर्वानुमति से पारस बोहरा अध्यक्ष, मनोज गंगवाल उपाध्यक्ष, हर्ष डोसी सचिव, निलेश गुरानी सह सचिव तथा अब्दुल मतीन कोषाध्यक्ष चुने गए . कार्यकारिणी में सर्वश्री विमल सिंह घोडावत, सौरभ माहेश्वरी, आनंद लुहाडिया, महेश खियानी, मनीष पटेल एवं विजय मारू मनोनीत किए गए . नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सिटी सेंटर के सभी व्यापारी बंधुओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएँ व्यक्त की .

### पूर्व मंत्री रामेश्वर पटेल की पुण्यतिथि पर भजन संध्या



इंदौर . मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री ब्रह्मलीन रामेश्वर पटेल बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर बिचोली मर्दाना स्थित विद्यासागर स्कूल परिसर में भव्य श्रद्धांजलि सभा, भजन संध्या और स्नेह भोज का आयोजन किया गया . श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीति, समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हजारों लोगों ने सहभागिता कर बाबूजी को अपनी भावांजलि अर्पित की . इस अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें शहर और प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं और प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया . इस दौरान आयोजकों द्वारा विपिन वानखेड़े जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ग्रामीण, चिंटू चौकसे शहर कांग्रेस अध्यक्ष, के .के . मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कृपाशंकर शुक्ला वरिष्ठ नेता, राजेंद्र मालवीय वरिष्ठ नेता, अनवर खान वरिष्ठ नेता, राजेश शर्मा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, रघु परमार, शक्ति सिंह महू, बंटी राठौड़, अनिल मिश्रा वरिष्ठ नेता स्वर्गीय भगवती मिश्रा जी के सुपुत्र, ललित जैन पूर्व मंत्री एवं अजय जैन का विशेष सम्मान किया गया . पूरा कार्यक्रम राधेश्याम पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज और सत्यनारायण पटेल राष्ट्रीय सचिव-एआईसीसी, पूर्व विधायक के नेतृत्व में संपन्न हुआ . संचालन मदन परमालिया ने किया . आभार प्रदर्शन विनोद सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी और राहुल पटेल द्वारा माना गया .

### बहुमंजिला भवनों पर लग रहे सौर ऊर्जा संयंत्र



इंदौर . शहर में सौर ऊर्जा के प्रति अब तक एक, दो और तीन मंजिला भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के क्रम में अब एक बड़ा नाम भी जुड़ गया है । पलासिया चौराहा स्थित बहुमंजिला भवन अपोलो टावर की छत पर भी 40 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है जिससे हर महीने 5 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन होगा . पलासिया चौराहा स्थित अपोलो टावर की छत पर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है . अपोलो टावर के रहवासियों और व्यापारियों ने इस प्रोजेक्ट के लिए कालानी नगर स्थित अग्रवाल सौर ऊर्जा डेवलपर्स को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है . अग्रवाल डेवलपर्स के सीईओ चयन अग्रवाल ने बताया कि अपोलो टावर पर 40 किलोवाट केप्लांट से हर महीने 5 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन होगा जिससे इस भवन के व्यापारियों एवं रहवासियों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए से अधिक की सीधा बचत तो होगी ही बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी 40 किलोवाट का यह सोलर प्लांट प्रतिवर्ष लगभग 40 से 50 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा . यह कदम पर्यावरण के लिहाज से उतना ही प्रभावशाली है जितना हजारों पेड़ लगाना महत्वपूर्ण होता है .

# रिंग रोड का यातायात दबाव कम करने बदली व्यवस्था



- एडिशनल सीपी और डीसीपी ने किया निरीक्षण
- स्टार चौराहा पर बसों का डायवर्जन किया सख्त
- अब ड्रोन से होगी निगरानी, नियम तोड़े तो कार्रवाई तय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इंटरस्टेट और स्लीपर बसों के लिए नई यातायात व्यवस्था लागू कर दी गई है. स्टार चौराहा क्षेत्र में बसों का डायवर्जन सख्ती से लागू किया गया है, जिसकी निगरानी अब ड्रोन कैमरों से की जा रही है. नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सीधी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.**

रविवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने डीसीपी जोन 2 कुमार प्रतीक के साथ स्टार चौराहा और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान ड्रोन कैमरों से पूरे क्षेत्र की मॉनिटरिंग की गई और माइक सिस्टम के जरिए बस चालकों व अन्य वाहन चालकों को निर्देशों का पालन करने की अपील की गई. अधिकारियों ने रेडिसन चौराहा पर नो एंट्री पॉइंट और अन्य प्रमुख चौराहों का भी जायजा लेकर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए. पुलिस का कहना है कि रिंग रोड पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण बसों का रूट बदला गया है, ताकि शहर के अंदर जाम की स्थिति न बने.

**अब यह रहेगा बसों का रूट:** नई व्यवस्था के तहत पिपलियाहाना से रेडिसन रोड पर स्लीपर और इंटरस्टेट बसों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है. बसों को अब निर्धारित मार्ग से ही शहर में प्रवेश और निकास करना होगा. वहीं व्हाइट चर्च की ओर से आने वाली बसों के लिए नया रूट तय किया है, जिसके तहत स्कीम नंबर 140 से अग्रवाल स्कूल चौराहा, बिचौली अंडरब्रिज, बायपास होते हुए बेस्ट प्राइस और फिर स्टार चौराहा तक आवागमन रहेगा, वापसी में भी यही मार्ग लागू रहेगा. स्टार चौराहा पर बसों को केवल निर्धारित स्थान से ही सवारी चढ़ाने उतारने की अनुमति दी गई है.

> **नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई**
>
> इस दौरान यातायात पुलिस ने साफ किया है कि नियमों का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों और चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी . पुलिस अधिकारियों ने बस ऑपरेटरों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे .

# चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला



- पुलिस की तत्परता से आग पर पाया काबू

**इंदौर.** साकेत नगर चौराहे से पलासिया होते हुए घंटाघर की ओर जा रही एक चलती कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. समय रहते पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई.

जानकारी के अनुसार, वाहन क्रमांक एमपी 09 सीजे 6003 के आगे के हिस्से से धुआं और आग की लपटें उठती देख आरक्षक मनोज ने तत्काल चालक को वाहन साइड में लगाने के लिए कहा और उसे आग लगने की जानकारी देकर तुरंत बाहर निकलने की सलाह दी. अचानक हुई घटना से चालक घबरा गया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे शांत कर सुरक्षित स्थान पर हटाया. इसके बाद सूबेदार ब्रजराज अजनार, आरक्षक मनोज, आरक्षक पवन एवं सैनिक सूरज ने मौके पर मिलकर उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया. पुलिस की तुरंत कार्रवाई से न केवल वाहन स्वामी की जान सुरक्षित रही, बल्कि एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया.

# ढाबों पर अवैध मदिरा परोसने वालों पर प्रकरण दर्ज

- आबकारी विभाग इंदौर की संयुक्त कार्रवाई,
- सब्जी मंडी क्षेत्र में एक साथ दबिश, चार प्रकरण दर्ज



**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई.

गत दिवस 11 अप्रैल 2026 को कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी एवं सी. के. साहू के नेतृत्व में आबकारी वृत्त मालवा मिल 'बी', छावनी, भोई मोहल्ला, राज मोहल्ला एवं आंतरिक-2 की संयुक्त टीम द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित ढाबों पर सघन जांच अभियान चलाया गया. कार्रवाई के दौरान पिंड पंजाब ढाबा, ढाबा शाबा सहित अन्य ढाबों पर एक साथ दबिश दी गई. जांच में अवैध रूप से मदिरा पान कराए जाने के प्रकरण सामने आए, जिस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए.पंजीकृत प्रकरणों में कुल 4.625 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है. आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी. इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार मालवीय, मीना माल, त्रिअंबिका शर्मा एवं जया मुजालदे की प्रमुख भूमिका रही. साथ ही आबकारी आरक्षक ओम प्रकाश साहू, किशन रघुवंशी, उस्मान मिर्जा एवं अंकिता का सराहनीय योगदान रहा. आबकारी विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं सेवन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# मंत्री सिलावट ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

- वार्ड-36 में 20 हजार से अधिक रहवासियों को मिलेगा लाभ



इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नगरीय वार्ड क्रमांक-36 में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. इन कार्यों से क्षेत्र के 20 हजार से अधिक रहवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि वार्ड-36 में विभिन्न स्थानों पर निर्मित 6 नए गार्डनों का लोकार्पण किया गया है. इन गार्डनों में नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पाथवे, गज़ीबो, फव्वारा, फाउंटेन तालाब, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है. साथ ही वृद्धजन, युवाओं एवं बच्चों के लिए झूले, चकरी और जिम उपकरण भी लगाए गए हैं. योगाभ्यास के लिए पृथक स्थान विकसित किया गया है, जहां एक साथ 50 से अधिक लोग योग कर सकते हैं. इसके साथ ही वार्ड-36 के तिरूमला ग्रीन्स, तिरूमला एवं धनलक्ष्मी सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने हेतु भूमिपूजन किया गया. इस योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के हजारों परिवारों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा. कार्यक्रम में बब्लू शर्मा, जलकार्य प्रभारी सुरेश कुलवाडे, पार्षद राकेश सोलंकी, मंत्री प्रतिनिधि पप्पू शर्मा, यशवंत शर्मा, महेश मंत्री, वंदना शर्मा, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह, पेयजल प्रभारी पंकज दहायत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे.

> **अब तक सौ करोड़ के कार्य**
>
> मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वार्ड-36 आदर्श वार्ड की श्रेणी में आता है . उन्होंने बताया कि विधायक एवं मंत्री बनने के बाद से अब तक इस वार्ड में लगभग 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं तथा करीब 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं, जिन पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा .

# युवाओं को बिजनेस में लाने का प्रयास है व्यापार महोत्सव

- माहेश्वरी समाज के व्यापार महोत्सव का समापन



**इंदौर. व्यापार महोत्सव का यह आयोजन युवाओं को बिजनेस और एंटरप्रेन्योरशिप में लाने का बेहतरीन प्रयास है. इंदौर युवाओं के मेहनत और समाज के सहयोग का अद्भुत सामंजस्य यादगार रूप से हमेशा स्मरण में रहेगा.**

यह बात अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा, जलगांव ने माहेश्वरी समाज इंदौर जिला द्वारा आयोजित व्यापार महोत्सव के अंतिम दिन समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये. अपने यहां लगे 100 से अधिक स्टालों का विजिट किया. आपने कहा कि व्यापार महोत्सव का यह आयोजन समाज के युवाओं की कार्य शक्ति तथा पदाधिकारी की कल्पना शक्ति का अद्भुत उदाहरण है. इस अवसर पर उपस्थित धाम सरकार ने माहेश्वरी समाज के प्रयास की प्रशंसा की एवं कहा कि माहेश्वरी समाज सभी समाजों का पथ प्रदर्शन करता है. उसकी सोच समय से भी आगे है. अपने अध्यक्ष पप्पू मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि आप इस तरह के समाज उपयोगी कार्य करते रहें। माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री एवं मंत्री मुकेश असावा ने बताया कि आज महोत्सव के अंतिम दिन शहर के सभी स्थान से लोग लोग ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में पहुंचे तथा मेले का अवलोकन किया. व्यापार महोत्सव में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, धाम सरकार, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख, भाजपा नेता टीनू जैन, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी शामिल होने पहुंचे.

> **हमारे युवा एंटरप्रेन्योरशिप की ओर लौटेंगे : राठी**
>
> आयोजन समिति के चेयरमैन उद्योगपति अखिलेश राठी आज व्यक्तिगत रूप से सभी स्टॉल वालों से मिले एवं उनको मिले प्रतिसाद की जानकारी ली . राठी ने कहा कि समाज का यह आयोजन माहेश्वरी समाज को सभी समाजों में अग्रणी सिद्ध करता है . संयोजक दिनेश परवाल व भरत तोतला ने बताया कि आज के प्रतिसाद को देखते हुए अब इस तरह के आयोजन समाज भविष्य में भी करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा . कार्यालय मंत्री जयंत गुप्ता, राम मूंदड़ा एवं राधेश्याम काबरा ने आज जाए 7000 से भी अधिक आगुंतकों का आभार व्यक्त किया . अध्यक्ष डॉक्टर सत्यनारायण मंत्री पप्पू भैया एवं परामर्शदाता रामस्वरूप मूंदड़ा, प्रचार मंत्री अजय सारडा ने कहा कि अगले वर्ष यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा .



# तीन आरोपियों ने शालीमार टाउनशिप के स्ट्राइगर क्लब में मैनेजर को पीटा

**इंदौर.** शालीमार टाउनशिप स्थित स्ट्राइगर क्लब में मैनेजर और स्टाफ के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना का वीडियो सामने आने के बाद लसूड़िया पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि क्लब मैनेजर देवेंद्र पटेल ने पुलिस को कि शिकायत में बताया कि क्लब में सिंगल एंट्री 2000 रुपए और कपल एंट्री 3000 निर्धारित है. इसी बीच शुक्रवार 10 अप्रैल की रात यश जैन क्लब पहुंचा और एंट्री शुल्क देने से इनकार करते हुए विवाद करने लगा. उस समय आरोपी ने बिना भुगतान किए जबरन क्लब में प्रवेश कर हंगामा किया और स्टाफ के समझाने के बावजूद वहां से चला गया था. कुछ समय बाद शनिवार शाम वह अपने साथियों के साथ दोबारा क्लब पहुंचा और मैनेजर को बाहर बुलाकर धमकी दी कि वह किसी भी हाल में एंट्री चार्ज नहीं देगा. आरोप है कि जैसे ही मैनेजर बाहर आए, यश जैन ने उनका कॉलर पकड़ लिया और उसके साथियों ने मिलकर मारपीट की. घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था. पुलिस ने देवेंद्र पटेल की शिकायत पर यश जैन, किशोर सिंह सिकरवार एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# गेहूं खरीदी में अनियमितता के आरोप, दी आंदोलन की चेतावनी

- बुकिंग व्यवस्था, खरीदी केंद्र संचालन और धीमी प्रक्रिया पर जताई नाराजगी
- किसान शिप्रा केंद्र का करेंगे घेराव



**इंदौर. किसानों ने प्रदेश में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर गंभीर अनियमितताओं और धीमी प्रक्रिया के आरोप लगाए हैं. किसानों ने आरोप लगाया है कि खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग नहीं हो रही और जानबूझकर पूरी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है.**

किसान नेता हंसराज मंडलोई का आरोप है कि पहले ही खरीदी प्रक्रिया को बार-बार आगे बढ़ाकर समय खराब किया और अब शुरू होने के बाद भी गति बेहद धीमी रखी जा रही है. इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि बरलाई स्थित साइलो खरीदी केंद्र और शिप्रा केंद्र पर किसानों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है. जिस केंद्र पर पहले रात 12 बजे तक तौल होती थी, वहां इस बार समय घटाकर शाम 5 बजे ही काम बंद कर दिया. मंडलोई ने आरोप लगाया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के करीब 100 गांवों का गेहूं शिप्रा खरीदी केंद्र पर आता है, लेकिन वहां कम खरीदी कर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं किया और पूरी उपज की खरीदी सुनिश्चित नहीं हुई तो शिप्रा केंद्र का घेराव किया जाएगा. साथ ही इसके लिए प्रशासन और संबंधित जिम्मेदार उत्तरदायी होंगे..

**एक नजर में** | कला के रंग ' प्रदर्शनी का समापन, कलाकारों ने सीखे ब्रांडिंग के गुर

# कलाकारों को व्यावसायिक सफलता के सूत्र भी सिखाए



**इंदौर.. वर्ल्ड आर्ट डे के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कला प्रदर्शनी ' कला के रंग ' का रविवार को समापन हुआ. क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी ने न केवल कला प्रेमियों का दिल जीता, बल्कि उभरते कलाकारों को व्यावसायिक सफलता के सूत्र भी सिखाए.**

प्रदर्शनी के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मैनेजमेंट प्रोफेसर डॉ. अजीत उपाध्याय उपस्थित रहे. उन्होंने कलाकारों के साथ आर्ट सेलिंग और आर्टिस्ट ब्रांडिंग विषय पर परिचर्चा की. उन्होंने कहा कि कलाकार अपनी पहचान बनाएं. एक कलाकार के लिए उसकी शैली ही उसकी ब्रांड है. अपनी विशिष्ट शैली को पहचानें और उसे निखारें. सोशल मीडिया के दौर में कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रभावी ढंग से करना चाहिए. कलाकृति केवल एक चित्र नहीं, बल्कि एक कहानी होनी चाहिए. खरीदार अक्सर पेंटिंग के पीछे की भावना से जुड़ते हैं. नेटवर्किंग और प्रेजेंटेशन होना चाहिए. सही मूल्य पाने के लिए कला प्रदर्शनी और सही आर्ट गैलरीज के साथ जुड़ना अनिवार्य है. हर पेंटिंग के साथ प्रमाण पत्र दें, इससे खरीदार का भरोसा बढ़ता है और कला की रीसेल वैल्यू सुरक्षित रहती है. एक प्रभावशाली आर्टिस्ट बायो लिखें जो आपकी प्रेरणा और कला के प्रति आपके दृष्टिकोण को स्पष्ट करे.

> **कला प्रतियोगिता का आयोजन**
>
> आयोजक दीपक शर्मा ने बताया की समापन समारोह के दौरान नेचर विषय पर एक कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो आयु वर्गों में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई . 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम आरण्या महाजन, द्वितीय- चार्वी गोयल और तृतीय नैतिक कोठारे . 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में से प्रथम शीरीन गौहर, द्वितीय श्याम वर्मा और तृतीय ज्योति उपाध्याय रही .